प्रेस नोट **दिनांक 13-09-2023**

- **जनपदीय स्वाट टीम द्वारा अथक प्रयास/परिश्रम कर आम जनमानस के गुमशुदा/खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 160 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये) बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये।**
- **जनपद हापुड़ में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शुरू की गई "एक पहल" (जिसमें लिंक/क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है) के अनुपालन में स्वाट टीम द्वारा अथक प्रयास/परिश्रम कर विभिन्न राज्यों/जनपदों से कुल 160 मोबाइल फोन (90 मोबाइल फोन क्यूआर कोड द्वारा दर्ज शिकायत से सम्बन्धित है) बरामद कर वास्तविक मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये।**
- **अपने खोए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे व हापुड़ पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।**

कार्यवाही:-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक हापुड़ श्री अभिषेक वर्मा महोदय द्वारा गुम/खोये मोबाइल फोन को बरामद करने हेतु शुरू की गई "एक पहल" के परिणामस्वरूप जनपदीय स्वाट टीम द्वारा अथक प्रयास/परिश्रम कर आम जनमानस के गुमशुदा/खोये हुए विभिन्न कम्पनियों के 160 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये) बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किये गये।

बरामदगी का विवरण:-

160 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये)

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम:-

1. निरीक्षक श्री सुमन कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री राहुल कौशिक स्वाट टीम जनपद हापुड़।
3. है0का0 सचिन स्वाट टीम जनपद हापुड़।
4. है0का0 कुलदीप स्वाट टीम जनपद हापुड़।

नोटः- अब घर बैठे करें अपने खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन की लिंक/क्यूआर कोड के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं।

लिंक- https://forms.gle/DHR1LqvMo921WMyg8

https://forms.gle/DHR1LqvMo921WMyg8

(क्यूआर कोड)